राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 09 फरवरी, 2026 की बैठक का कार्यवृत्त

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 09 फरवरी, 2026 को 04.00 बजे प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए -

1.	आचार्य अमित पात्रा, निदेशक	-	अध्यक्ष
2.	आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी	-	उपाध्यक्ष
3.	आचार्य देवेन्द्र सिंह, अधिष्ठाता (शैक्षणिक कार्य)	-	सदस्य
4.	आचार्य राजेश कुमार, अधिष्ठाता (छात्र कल्याण)	-	सदस्य
5.	आचार्य हीरालाल प्रामाणिक, अधिष्ठाता (संसाधन एवं पूर्व छात्र)	-	सदस्य
6.	आचार्य राजेश कुमार, अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास)	-	सदस्य
7.	आचार्य आर. महंती, कुलसचिव (प्रभार)	-	सदस्य
8.	आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, भैषजकीय अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
9.	आचार्य संजय कुमार पांडेय, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
10.	आचार्य सत्यवीर सिंह, रासायनिक अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग	-	सदस्य
11.	आचार्य अनिता मोहन, भौतिकी विभाग	-	सदस्य
12.	श्री रवि कुमार, सहायक कुलसचिव-वरिष्ठ वेतनमान (प्रशा0 एवं लेखा)	-	सदस्य
13.	डॉ. लावण्या सेल्वागनेश, सह आचार्य, गणितीय विज्ञान विभाग	-	सदस्य
14.	डॉ. अमित कुमार सिंह, उप कुलसचिव (राजभाषा)	-	सदस्य सचिव

अधिष्ठाता (संकाय कार्य) एवं संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) किसी अपरिहार्य कारणवश बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

उपरोक्त बैठक में राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों के अतिरिक्त श्री शशांक पाठक, हिंदी अनुवादक तथा वेबसाइट से जुड़े मुद्दे के लिए श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ (ग्रेड-1) उपस्थित रहे। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यसूची के मदों पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

मद सं. 1: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि:

समिति को यह अवगत कराया गया कि दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की समिति ने पुष्टि कर दी थी।

मद सं. 2: राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 29 अक्टूबर, 2025 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा:

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 29 अक्टूबर, 2025 की बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. संस्थान की वेबसाइट (iitbhu.ac.in) के हिंदीकरण के क्रम में श्री महेश पांडेय, प्रणाली विशेषज्ञ ने अँग्रेजी एवं हिंदी में तैयार किए गए नए वेबसाइट को ड्राफ्ट रूप में समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इसमें निदेशक महोदय ने अँग्रेजी के वेबसाइट को AI तकनीक से सक्षम बनाकर संबन्धित वेबसाइट समिति के माध्यम से अनुमति हेतु प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है तत्पश्चात वेबसाइट का हिंदी पुनरीक्षण (vetting) करने के लिए राजभाषा प्रकोष्ठ को भिजवाया जाए।

2. समिति को यह अवगत कराया गया कि संस्थान की 'अभ्युदय' पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन दिनांक 23.01.2026 को किया गया। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि दिनांक 29 जून, 2026 को 'संस्थान दिवस' के अवसर पर पत्रिका के द्वितीय अंक का विमोचन किया जाए।

3. डॉ. अमित कुमार सिंह, सदस्य सचिव (राजभाषा) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं पत्रिका के संपादक मंडल में डॉ. नवीन उपाध्याय, उप पुस्तकालयाध्यक्ष को शामिल करने की अनुशंसा की, जिससे पत्रिका के प्रकाशन इत्यादि कार्यों में सहायता मिल सके। इस अनुशंसा को अध्यक्ष महोदय ने सहमति प्रदान की है।

मद सं. 3: राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार को संस्थान की ऑनलाइन माध्यम से भेजी गयी पिछली चार हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा।

समिति के समक्ष पिछली चार तिमाहियों (तिमाही जनवरी 2025 से तिमाही दिसंबर 2026) के हिन्दी प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी ने प्रशंसा व्यक्त की। अँग्रेजी में प्राप्त पत्रों के हिंदी में उत्तर देने वाले कॉलम में प्रतिशत वृद्धि को बढ़ाने के लिए सभी विभागों/अनुभागों से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया है।

कृ.पृ.उ.

मद सं. 4: संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन समिति में आमंत्रित सदस्य के नाम का चयन करने पर चर्चा।

समिति को यह अवगत कराया गया कि आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केंद्रीय हिंदी सचिवालय का निधन हो जाने के कारण उनके स्थान पर केंद्रीय हिंदी सचिवालय, वाराणसी में प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत श्री सुरेश कुमार श्रीवास्तव को शामिल किया जा सकता है। जिसके संदर्भ में यह निर्णय लिया गया कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बनारस रेल इंजन कारख़ाना, वाराणसी को पत्र लिखकर आमंत्रित सदस्य को शामिल करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की जाए।

मद सं. 5: सरोवर के सुंदरीकरण, नामकरण संबंधी शिलापट्ट इत्यादि लगवाने के संबंध में चर्चा।

संस्थान के प्रशासनिक भवन के समीप स्थित सरोवर के सुंदरीकरण एवं नामकरण के संबंध में 'अनन्त सरोवर' नाम का शिलापट्ट लगाने तथा इस संबंध में एक उल्लेखनीय शिलालेख तैयार करवाने का निर्णय लिया गया है।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(अमित कुमार सिंह) सदस्य सचिव	(लावण्या सेल्वागनेश) सदस्य	(रवि कुमार) सदस्य
(अनिता मोहन) सदस्य	(सत्यवीर सिंह) सदस्य	(संजय कुमार पांडेय) सदस्य
(सुशांत कुमार श्रीवास्तव) सदस्य	(आर.महंती) सदस्य	(देवेन्द्र सिंह) सदस्य
(राजेश कुमार) सदस्य	(हीरालाल प्रामाणिक) सदस्य	(राजेश कुमार) सदस्य
(अनिल कुमार त्रिपाठी) उपाध्यक्ष	2/3/26 **(अमित पात्रा)** **अध्यक्ष**	